भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त निकाय)

पी.ओ. न्यू फ़ॉरेस्ट, देहरादून – 248 006 (उत्तराखंड)

विज्ञापन सं. डीएसबी/भा.वा.अ.शि.प.-2022

<u>वैज्ञानिक-'बी' के पद हेतु भर्ती-2022</u>

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के अंतर्गत वैज्ञानिक 'बी' के पदों की भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

वैज्ञानिक 'बी' के पद हेतु चयनित अभ्यर्थी, भा.वा.अ.शि.प. के नियमों/आदेशों के अंतर्गत भत्ते सहित वेतनमान (56,100 - 177500 रुपये) के लेवल 10 (7वां सीपीसी) में नियुक्ति हेतु अनुशंसित होंगे।

1. **वैज्ञानिक-'बी' हेतु रिक्तियां:** विभिन्न विषयों के अंतर्गत वैज्ञानिक 'बी' में रिक्तियों की संख्या नीचे दी गई है:-

   पदों की अनुमानित संख्या: 44 (अनारक्षित -12, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-10, अ.जा.-05 और अ.पि.व.- 15, अ.ज.जा.- 02)

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
1.	2101-जैवप्रौद्योगिकी (एसबीटी)	1	1	-	2	-	-	04
<u>अनिवार्य अर्हता</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पादप जैवप्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता सहित जैवप्रौद्योगिकी/कृषि जैवप्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री। <u>वांछनीय अर्हता</u> संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री								
क्र.सं.	**पद कोड**	**अनारक्षित**	**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग**	**अ.जा.**	**अ.पि.व.**	**अ.ज.जा.**	**दिव्यांगजन**	**कुल**
2.	2102-वनस्पतिविज्ञान (एसबीओटी)	1	1	-	1	1	-	04
<u>अनिवार्य अर्हता</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पादप वर्गिकी में विशेषज्ञता सहित वनस्पतिविज्ञान में प्रथम श्रेणी								

एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
3.	2103- सेलुलोज एवं पेपर (एससीएनपी)	1	-	-	-	-	-	01

<u>अनिवार्य अर्हता</u>

सेलुलोज एवं पेपर तकनीक में एम.एससी./ पल्प एवं पेपर विज्ञान तकनीक में एम.एससी./ पल्प एवं पेपर तकनीक में बी.टेक.।

या

पल्प एवं पेपर में एम.टेक. के साथ मैकेनिकल या केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक.।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
4.	2104-रसायन विज्ञान (एससीटी)	1	1	1	2	-	1*	05

<u>अनिवार्य अर्हता</u>

कार्बनिक रसायन विज्ञान में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
5.	2105- वन परिस्थितिकी (एसईसीओ)	1	1	-	-	-	-	02

<u>अनिवार्य अर्हता</u>

वन परिस्थितिकी/परिस्थितिकी में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान/वानिकी/पर्यावरण विज्ञान/परिस्थितिकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

वन परिस्थितिकी/परिस्थितिकी में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रकृति विज्ञान/ जीवन विज्ञान/पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
6.	2106- कीट विज्ञान (एसईएनटी)	-	1	-	1	-	-	02

<u>अनिवार्य अर्हता</u>

कीट विज्ञान में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राणि विज्ञान/कृषि में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कीट विज्ञान/कृषि कीट विज्ञान में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
7.	2107- पर्यावरण विज्ञान (एसईएनवी)	1	-	-	1	-	-	**02**

<u>अनिवार्य अर्हता</u>

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान या पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पर्यावरण इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी बी.ई./बी.टेक.।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में एम.टेक. या पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
8.	2108- वानिकी (एसएफटी)	1	1	2	1	-	-	**05**

<u>अनिवार्य अर्हता</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वानिकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
9.	2109-आनुवंशिकी (एसएफजी)	1	1	1	1	-	-	**04**

<u>अनिवार्य अर्हता</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन/पादप आनुवंशिकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आनुवंशिकी/वन आनुवंशिकी/वृक्ष सुधार में विशेषज्ञता सहित वानिकी/वनस्पति विज्ञान/कृषि में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

<u>वांछनीय अर्हता</u>

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
10.	2110-सूचना प्रौद्योगिकी (एसआईटी)	1	-	-	1	-	1*	**02**

अनिवार्य अर्हता:

कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी बी.ई./बी.टेक.।

वांछनीय अर्हता

संबंधित विषय में एम.टेक/एम.ई./पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
11.	2111- रोग विज्ञान (पैथोलॉजी) (एसपीपी)	-	-	-	1	-	-	**01**

अनिवार्य अर्हता:

पादप रोग विज्ञान /वन रोग विज्ञान/ सूक्ष्मजैविकी में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान/वानिकी/कृषि में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पादप रोग विज्ञान / सूक्ष्मजैविकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

वांछनीय अर्हता

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
12.	2112-मृदा विज्ञान (एसएसएस)	-	1	-	1	-	-	**02**

अनिवार्य अर्हता:

मृदा विज्ञान में विशेषज्ञता सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वानिकी/कृषि में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मृदा विज्ञान/कृषि रसायन में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री।

वांछनीय अर्हता

संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री

क्र.सं.	पद कोड	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अ.जा.	अ.पि.व.	अ.ज.जा.	दिव्यांगजन	कुल
13.	2113-काष्ठ विज्ञान	3	2	1	3	1	1*	**10**

	एवं प्रौद्योगिकी (डब्ल्यूएसटी)							
<u>अनिवार्य अर्हता</u>: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/भौतिकी में प्रथम श्रेणी एम.एससी. डिग्री। <u>वांछनीय अर्हता</u> संबंधित विषय में पीएच.डी. डिग्री								
कुल रिक्तियां	**12**	**10**	**05**	**15**	**02**	**-**	**44**

(*) काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विषयों में एक-एक पद अस्थि विकलांग (ओएच) श्रेणी के अंतर्गत दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित / निर्धारित हैं।

($) विशेषज्ञता का अर्थ है कि अभ्यर्थी के पास विशेषज्ञता विषय में डिग्री (या) विशेष / वैकल्पिक पेपर (या) विशेषज्ञता विषय में शोध प्रबंध होना चाहिए। विशेषज्ञता अनिवार्य योग्यता में होनी चाहिए।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अस्थायी हैं और भारत सरकार के अतिरिक्त निर्देशों और किसी भी मुकदमेबाजी के परिणाम के अधीन हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में नियुक्ति अनंतिम होगी और आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र के उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापन के अधीन है और यदि सत्यापन से पता चलता है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित होने का दावा फर्जी/झूठा है, तो कोई कारण बताए बिना तथा फर्जी/झूठे प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत की जाने वाली अग्रिम कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी। केवल निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

यदि अहर्ता डिग्री (एम.एससी/बी.ई./बी.टेक. आदि) में प्रतिशत प्रणाली के बजाय ग्रेड प्वाइंट एवरेज (जीपीए) प्रणाली है, तो शैक्षणिक संस्थान द्वारा निर्धारित विधिवत प्रमाणित रूपांतरण प्रणाली को उक्त शैक्षणिक संस्थान से "प्रथम श्रेणी की डिग्री" की सुनिश्चित आवश्यक योग्यता के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. के पास बिना कोई कारण बताए पदों को बढ़ाने या घटाने या किसी या सभी विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

1. लिखित परीक्षा केंद्र

अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम में दो (02) केंद्रों का चयन करना आवश्यक होगा। परिषद के पास अभ्यर्थी द्वारा दी गई वरीयता के अतिरिक्त एक परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। परीक्षा केंद्र के आवंटन के बाद, परीक्षा केंद्र बदलने का अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और अभ्यर्थी को

आवंटित केंद्र पर उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए यात्रा और ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

लिखित परीक्षा नीचे दिए गए **09 केंद्रों** पर आयोजित की जाएगी:-

परीक्षा केंद्र	**केंद्र कोड**
बेंगलुरु (कर्नाटक)	01
कोयम्बटूर (तमिलनाडु)	02
देहरादून (उत्तराखंड)	03
गुवाहाटी (असम)	04
हैदराबाद (आंध्रप्रदेश)	05
जबलपुर (मध्य प्रदेश)	06
जोधपुर (राजस्थान)	07
रांची (झारखण्ड)	08
शिमला (हिमाचल प्रदेश)	09

अध्यक्ष, भर्ती बोर्ड, भा.वा.अ.शि.प. के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने/बदलने का अधिकार होगा।

2. आयु सीमा

अभ्यर्थी की आयु आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 21 वर्ष होनी चाहिए लेकिन 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

विभागीय अभ्यर्थियों (भा.वा.अ.शि.प. कर्मचारी) के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में भारत सरकार के नियमों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के अधीन छूट है।

निर्धारित (*) चिह्नित विषय में दिव्यांगजन (ओएच/पीएच) अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष तक की छूट है।

3. आवेदन शुल्क

भुगतान किए जाने वाले आवेदन शुल्क का विवरण::

क्र.सं.	उमीदवार की श्रेणी	परीक्षा शुल्क	प्रसंस्करण शुल्क	कुल शुल्क

1.	अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	**1,000/- रु.**	**1000/- रु.**	**2,000/- रु.**
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.)	**1,000/- रु.**	**1000/- रु.**	**2,000/- रु.**
3.	अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.)/दिव्यांगजन/महिला	**-कोई नहीं -**	**1000/- रु.**	**1000/- रु.**

अ.पि.व. अभ्यर्थी जिनकी जाति केंद्रीय सूची में सूचीबद्ध नहीं है (जैसा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की वेबसाइट www.ncbc.nic.in पर उपलब्ध है) और जो अ.पि.व.-नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) अभ्यर्थियों के लिए लागू प्रावधानों के अंतर्गत नहीं हैं, उनको सभी उद्देश्यों के लिए सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के रूप में माना जाएगा। तदनुसार, अ.पि.व. अभ्यर्थी जो अ.पि.व. नॉन-क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं, अपनी श्रेणी को 'सामान्य' के रूप में इंगित करेंगे।

डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग से भुगतान के लिए लेनदेन शुल्क, जैसे भी हो, अभ्यर्थी को वहन करना होगा। शुल्क का भुगतान वेबसाइट: http://recruitment.icfre.gov.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना चाहिए। ऑनलाइन भुगतान के लिए: भुगतान किसी भी बैंक से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस/पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता है।

4. राष्ट्रीयता

केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

5. परीक्षा की योजना

परीक्षा की निम्नलिखित योजना के अनुसार एक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा: -

I. लिखित परीक्षा:-

प्रश्न पत्र (द्विभाषी - अंग्रेजी और हिंदी में) में संबंधित विषय से कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें अधिकतम 400 अंक होंगे, जैसा कि नीचे दिया गया है:-

प्रश्न पत्र का विवरण	**प्रश्नों की संख्या**	**अधिकतम अंक**	**अवधि**
संबंधित विषय पर प्रश्न	100	400	02.00 घंटे

लिखित परीक्षा में आवश्यक न्यूनतम योग्यता अंक: -

अभ्यर्थी की श्रेणी	**न्यूनतम योग्यता अंक**
सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	50%
अन्य पिछड़ा वर्ग	45%
अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांगजन	40%

लिखित परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए चार अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा।

लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि और समय: विभिन्न विषयों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने की निर्धारित तिथि एवं समय बाद में सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम वेबपोर्टल में दिए गए लिंक पर उपलब्ध होंगे।

लिखित परीक्षा में योग्यता के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। उमीदवारों के शॉर्ट-लिस्टिंग पर परिषद का निर्णय अंतिम होगा और परिषद इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं करेगी।

II. व्यक्तिगत साक्षात्कार :- 70 अंक

साक्षात्कार का स्थान: बाद में सूचित किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के दौरान हिंदी या अंग्रेजी में संवाद करने की स्वतंत्रता होगी।

6. परीक्षा प्रक्रिया

i) न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम सूची तैयार की जाएगी और योग्यता क्रम सूची के अनुसार, अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए **1:5 (एक रिक्ति पर पांच अभ्यर्थी)** के अनुपात में व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम योग्यता क्रम कुल अंकों, अर्थात् लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तय किया जाएगा।

ii) व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु आयु प्रमाण, जाति, शैक्षिक योग्यता, दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र आदि से संबंधित अपने प्रमाण पत्रों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रति लानी होगी। यदि प्रमाणपत्र स्थानीय भाषा में है, तो इसका नोटरी/राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित अंग्रेजी अनुवाद भी प्रस्तुत किया जाना होगा। सभी पात्रता प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से पहले जारी किए होने चाहिए।

iii) टाई-ब्रेकर के लिए नियम

यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों ने समान कुल अंक (लिखित परीक्षा + व्यक्तिगत साक्षात्कार में अंक) प्राप्त किए हैं, तो अभ्यर्थियों की योग्यता निम्नलिखित टाई-ब्रेकर नियमों को लागू करके निर्धारित की जाएगी: -

a) लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।
b) यदि उपर्युक्त (a) में उल्लिखित अंक समान हैं, तो ज्येष्ठ अभ्यर्थी को उच्च स्थान दिया जाएगा।

iv) सामान्य निर्देश

a) प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा।
b) किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए स्क्राइब की सहायता की अनुमति नहीं दी जाएगी।
c) उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है और इसलिए उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। परिषद द्वारा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
d) लिखित परीक्षा के दौरान, अभ्यर्थियों को मूल फोटो आईडी जैसे पैन कार्ड, वोटर आईडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोयुक्त बैंक पासबुक/किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज /

विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध नया पहचान पत्र/कर्मचारी आईडी लाना आवश्यक है और एक फोटो (ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की गई) को प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जाना चाहिए।

e) लिखित परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने की अनुमति नहीं है। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा हॉल के अंदर कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाता पाया जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

f) परीक्षा हॉल में किसी भी तरह से अनुचित व्यवहार या नकल करते हुए पाए जाने वाले अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

7. तैनाती स्थान

उपर्युक्त विषयों में पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को परिषद के देहरादून, जबलपुर, जोधपुर, कोयंबटूर, बेंगलुरू, जोरहाट, शिमला, रांची, हैदराबाद, प्रयागराज, छिंदवाड़ा, अगरतला, आइजोल और विशाखापत्तनम में स्थित किसी भी संस्थान/केंद्र में तैनात किया जाएगा। हालाँकि, सभी पद भारत में भा.वा.अ.शि.प. के अंतर्गत किसी भी संस्थान / केंद्र में सेवा प्रदान करने के लिए उत्तरदायी हैं।

8. आवेदन की प्रक्रिया

(ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

(i) अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय निम्नलिखित प्रासंगिक विवरण / सूचना / दस्तावेज / सॉफ्ट कॉपी तैयार रखना चाहिए:

अ) वैज्ञानिक 'बी' की भर्ती-2022 का विज्ञापन

आ) नाम (माध्यमिक स्तर के परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार)

इ) पिता का नाम (माध्यमिक स्तर के परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार)

ई) पत्राचार हेतु पूरा पता

उ) पूरा स्थायी पता

ऊ) मैट्रिक या समकक्ष प्रमाण पत्र।

ऋ) योग्यता डिग्री - मास्टर डिग्री / बीई / बी.टेक सर्टिफिकेट / अनंतिम डिग्री प्रमाणपत्र / प्रतिलेख / अंकपत्र।

ऌ) विशेषज्ञता से संबंधित प्रमाणपत्र/ अंकपत्र, जहां लागू हो।

ऍ) जीपीए को प्रतिशत में बदलने के संबंध में प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।

ऎ) डॉक्टरेट डिग्री प्रमाणपत्र/अनंतिम डिग्री प्रमाणपत्र/प्रतिलेख/ अंकपत्र; यदि उपलब्ध हो।

ए) केंद्र चयन (कृपया इस अधिसूचना में दिए गए परीक्षा केंद्र और कोड देखें)

ऐ) नवीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति (डिजिटल फ़ाइल जेपीईजी या पीएनजी प्रारूप में 100 **केबी तक होनी चाहिए)।**

ऑ) केवल सफ़ेद कागज पर काली/नीली स्याही से किए गए हस्ताक्षर की स्कैन प्रति (डिजिटल फ़ाइल जेपीईजी या पीएनजी प्रारूप में 100 **केबी तक होनी चाहिए)।**

ओ) आयु प्रमाण (10 वीं कक्षा की अंकपत्र), जाति / श्रेणी, शैक्षिक योग्यता (योग्यता डिग्री अंकपत्र), विशेषज्ञता से संबंधित दस्तावेज, पीएच प्रमाण पत्र आदि से संबंधित प्रमाण पत्रों की स्कैन की गई प्रतियां (डिजिटल फाइल पीडीएफ प्रारूप में **1 - 5 एमबी** की होनी चाहिए), जो **पासवर्ड से सुरक्षित नहीं होना** चाहिए।

ओ) कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के मामले में वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति। (डिजिटल फाइल पीडीएफ फॉर्मेट में **1 - 5 एमबी** की होनी चाहिए)। **अनापत्ति प्रमाणपत्र की अनुपलब्धता की स्थिति में, अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा करने का उल्लेख करते हुए अंडरटेकिंग अपलोड कर सकते हैं।**

औ) भा.वा.अ.शि.प. कर्मचारियों के मामले में सक्षम प्राधिकारी से आधिकारिक पत्र शीर्ष पर सेवा अनुभव प्रमाण पत्र (नाम, वर्तमान पदनाम / पद, **7** वीं सीपीसी के अनुसार वर्तमान वेतनमान, वर्तमान स्थान / कार्यालय का पता, नियुक्ति की तिथि, नियुक्ति के बाद की गई सेवावधि आदि का उल्लेख) की स्कैन की गई प्रति। **(**डिजिटल फाइल पीडीएफ फॉर्मेट में 1-5 **एमबी** की होनी चाहिए)।

अं) शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग विवरण।

अः) वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी।

(ii) अभ्यर्थी जो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

(iii) अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन/पंजीकरण भरते समय सभी आवश्यक विवरण प्रदान करने चाहिए। अनिवार्य फ़ील्ड *(तारांकन) चिह्न से चिह्नित हैं।

(iv) अपलोड किए गए फोटोग्राफ, नमूना हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेज **स्पष्ट रूप से पहचाने जाने योग्य / दृश्यमान होने चाहिए**, अन्यथा अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा और अभ्यर्थी के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(v) ऑनलाइन आवेदन/पंजीकरण के अंत में, अभ्यर्थी को उनके द्वारा दी गई जानकारी/विवरणों की पुष्टि/संपादित करने के लिए विकल्प (सही करने के लिए, यदि कोई हो) दिया जाएगा। अंतिम रूप से जमा करने के बाद या आवेदन शुल्क का भुगतान करने के बाद, अभ्यर्थी भरे हुए / जमा किए गए फॉर्म में कोई बदलाव नहीं कर पाएगा।

(vi) अपने ऑनलाइन आवेदन के सफल पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण संख्या और अपने आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट अपने पास सुरक्षित रखें, जिसे बाद में कभी भी मांगे जाने पर जमा करना आवश्यक होगा।

(vii) अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या की सूचना ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र की सूचना वेबसाइट http://recruitment.icfre.gov.in पर यथा समय उपलब्ध होगी।

(viii) ऑनलाइन आवेदन पत्र (प्रारूप) द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होगा, लेकिन इस ऑनलाइन आवेदन पत्र के लिए प्रविष्टियां केवल अंग्रेजी भाषा में स्वीकार की जाएंगी।

(ix) सभी अभ्यर्थी, चाहे सरकारी सेवा में हों या सरकारी स्वामित्व वाले संगठनों में, को अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अपने वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" (एनओसी) की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। **अनापत्ति प्रमाणपत्र की अनुपलब्धता की स्थिति में, अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा करने का उल्लेख करते हुए अंडरटेकिंग अपलोड कर सकते हैं।**

(x) यदि एक अभ्यर्थी से एक ही पद के लिए कई आवेदन प्राप्त होते हैं, तो पहले प्राप्त सभी आवेदनों को अनदेखा करते हुए; अन्य आवेदनों के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन शुल्क को वापस/समायोजित किए बिना नवीनतम आवेदन पर विचार किया जाएगा।

(xi) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि संपादन के प्रावधान कई चरणों में हैं। एक बार आवेदन पत्र में जानकारी भरने, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी हो

जाने के बाद, अभ्यर्थी अपलोड किए गए फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेजों के साथ पूरे आवेदन पत्र को देख सकता है और अंतिम रूप से जमा करने से पहले आवेदन पत्र के किसी भी क्षेत्र में कोई परिवर्तन/संपादन कर सकता है। हालांकि**,** अंतिम रूप से जमा करने के बाद या आवेदन शुल्क का भुगतान करने के बाद**,** अभ्यर्थी भरे हुए/ जमा किए गए फॉर्म में कोई परिवर्तन नहीं कर पाएगा।

(xii) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में अपनी वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी दर्ज करना आवश्यक है क्योंकि इस परीक्षा के लिए सभी पत्र / सूचना / अपडेट केवल इस ई-मेल आईडी पर भेजे जाएंगे। यदि उनके पास ई-मेल आईडी नहीं है, तो वे अपनी पसंद के किसी भी ई-मेल सेवा प्रदाता से यह प्राप्त कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि आवेदन पत्र में निर्धारित क्षेत्र में ई-मेल आईडी की प्रविष्टि अनिवार्य है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अपडेट के लिए अपने ई-मेल/इनबॉक्स/स्पैम/जंक देखते रहें।

(xiii) कृपया आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आवेदन शुल्क के भुगतान के संबंध में सभी प्रासंगिक जानकारी तैयार रखें। आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए, कृपया अपने डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग विवरण तैयार रखें।

(xiv) केवल आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक जमा करने और/या प्रवेश पत्र जारी करने से परीक्षा में प्रवेश स्वतः सुनिश्चित नहीं हो जाता है। यदि बाद के किसी भी चरण में सत्यापन पश्चात यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करता है या गलत/अनुचित/भ्रामक/असत्य जानकारी दी है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी और भुगतान किया गया शुल्क ज़ब्त किया जाएगा, जिसमें परिषद द्वारा उचित समझे जाने वाली कोई अन्य कार्रवाई भी शामिल है।

(xv) अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन की एक प्रिंट/सॉफ्ट कॉपी भविष्य के पत्राचार के लिए सुरक्षित रखें।

(xvi) किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी **वेबसाइट में उपलब्ध** हेल्पडेस्क पर ऑनलाइन आवेदन आदि के संबंध में अपनी पूछताछ दर्ज कर सकते हैं। टेलीफोन पर कोई पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

(xvii) अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे **सामान्य निर्देश** भी ध्यान से पढ़ें।

9. सामान्य निर्देश

(i) ऑनलाइन आवेदन केवल वेबसाइट http://recruitment.icfre.gov.in पर किया जा सकता है। विस्तृत निर्देश इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।अभ्यर्थियों को कोई भी प्रविष्टि करने या विकल्प चुनने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरते समय सभी आवश्यक विवरण देने चाहिए। अनिवार्य क्षेत्र को * (तारांकन) चिह्न से चिह्नित किया गया है।

(ii) आवेदन केवल वेबसाइट http://recruitment.icfre.gov.in के माध्यम से 05.09.2022 **से** 15.10.2022 तक ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए। किसी अन्य माध्यम से जमा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(iii) अभ्यर्थी जो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं**,** उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

(iv) किसी भी स्तर पर कोई सूचना असत्य या गलत पाये जाने या संबंधित विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करने की स्थिति में, उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

(v) अंतिम रूप से आवेदन जमा करने के बाद उम्मीदवारी वापस लेने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) प्रवेश पत्र लिखित परीक्षा की तारीख से 30 दिन पहले वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे और परीक्षा की तारीख से पहले अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किए जा सकते हैं। कृपया अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

(vii) अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।

(viii) सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अ.पि.व. श्रेणियों के अभ्यर्थियों द्वारा **2000/-** रुपये का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा किया जाना है। यह शुल्क केवल ऑनलाइन जमा करना है। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं है।

(ix) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन/महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। **हालांकि**, **उन्हें** 1000/- **रुपये का प्रसंस्करण शुल्क ऑनलाइन देना होगा।**

(x) पद अस्थायी प्रकृति के हैं लेकिन आगे भी जारी रहने की संभावना है।

(xi) महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. के पास बिना कोई कारण बताए पदों को बढ़ाने या घटाने या किसी या सभी विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

(xii) ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर, विशिष्ट श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों के लिए सिस्टम द्वारा श्रेणियों अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अ.पि.व. और दिव्यांगजनों के लिए आयु में छूट स्वचालित रूप से प्रदान की जाती है। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट, अ.पि.व. (गैर क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट और दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट होगी। आयु गणना के लिए महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।

(xiii) यदि अभ्यर्थी भा.वा.अ.शि.प. स्थायी कर्मचारी श्रेणी के रूप में आयु में छूट का दावा कर रहा है, तो ऑनलाइन आवेदन पत्र में सक्षम प्राधिकारी से आधिकारिक पत्र शीर्ष पर प्रासंगिक सेवा अनुभव प्रमाण पत्र (नाम, वर्तमान पदनाम / पद, 7वें सीपीसी के अनुसार वर्तमान वेतन स्तर, वर्तमान स्थान / कार्यालय का पता, नियुक्ति की तिथि, नियुक्ति के बाद प्रदान की गई सेवा की अवधि आदि का उल्लेख करते हुए) संलग्न करना अनिवार्य है।

(xiv) कानूनी विवाद, यदि कोई हो, उत्तराखंड राज्य में सक्षम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

(xv) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

(xvi) केवल वही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए पात्र होंगे, जिनके आवेदन उनके फोटो, हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेजों की आवश्यक जांच के बाद उपयुक्त पाए जाएंगे, जो स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए। **ऑनलाइन आवेदनों की जांच के बाद सभी अभ्यर्थियों को उनके लॉगिन विवरण के माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन की स्थिति उपलब्ध कराई जाएगी।**

(xvii) इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में नियत तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों पर एक जांच समिति द्वारा चयन के लिए विचार किया जाएगा और केवल जांच समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा में बैठने के लिए बुलाया जाएगा।

(xviii) एक बार अंतिम रूप से आवेदन जमा करने के बाद, अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में जमा किए गए किसी भी डेटा में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। **अंतिम रूप से आवेदन जमा करने के बाद किसी भी स्कैन किए गए दस्तावेज़ को ई-मेल या किसी अन्य मोड के माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(xix) अनुवाद अस्पष्टता के मामले में, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों को अंग्रेजी संस्करण का संदर्भ लेना चाहिए।

(xx) किसी अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी अभ्यर्थिता को भा.वा.अ.शि.प. द्वारा अंतिम रूप से मंजूरी दे दी गई है। अभ्यर्थी को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी स्तर पर उसकी अपात्रता का पता चलता है या विज्ञापन में दिए गए नियमों और निर्देशों में निर्धारित शर्तों या किसी भी स्तर पर मांगी गई कोई भी अतिरिक्त जानकारी / दस्तावेजों का निर्दिष्ट समय के भीतर अनुपालन नहीं किया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। इस कारण से उम्मीदवारी रद्द करने के लिए भा.वा.अ.शि.प. जिम्मेदार नहीं होगा।

(xxi) यदि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में आयु और अर्हक अंकों में छूट का लाभ नहीं उठाते हैं तो आरक्षित श्रेणियों अर्थात् अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी भी योग्यता के आधार पर अनारक्षित रिक्तियों पर विचार किए जाने के पात्र होंगे। यदि आयु और अर्हक मानक में छूट का लाभ उठाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी केवल आरक्षित रिक्तियों के लिए ही विचार के पात्र होंगे।

(xxii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध आरक्षण/छूट के लाभों की मांग करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नियमों/नोटिस में निर्धारित पात्रता के अनुसार इस तरह के आरक्षण/छूट के हकदार हैं।

(xxiii) यदि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.)/अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांगजन के संबंध में अभ्यर्थियों का दावा गलत पाया जाता है, तो परिषद/भा.वा.अ.शि.प. द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराए जा सकते हैं और उनकी अभ्यर्थिता रद्द मानी जाएगी।

(xxiv) अभ्यर्थी के नाम या पिता के नाम में किसी भी विसंगति (वर्तनी या उपनाम आदि) के संबंध में, दस्तावेज प्रस्तुत करते समय उसे विसंगति का उल्लेख करते हुए मूल शपथ पत्र तथा सही नाम प्रमाणित करने वाले अन्य सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे ।

(xxv) अभ्यर्थी को अच्छे मानसिक और शारीरिक अवस्था में होना चाहिए और किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त होना चाहिए जिससे कि एक अधिकारी के रूप में उनके कर्तव्यों के निर्वहन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। यदि आवश्यक हो तो भा.वा.अ.शि.प. चिकित्सा परीक्षण निर्देशित कर सकता है।

(xxvi) *कोई भी व्यक्ति सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा:-*

a) जिसने ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है या अनुबंध किया है जिसका पति या पत्नी जीवित है या

b) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति के साथ विवाह किया है या अनुबंध किया है,

बशर्ते कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत स्वीकार्य है और किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट के लिए अन्य आधार हैं।

(xxvii) परीक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की पात्रता या अन्य किसी संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

(xxviii) अभ्यर्थी की ओर से किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने का कोई भी प्रयास उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित कर सकता है।

(xxix) ऐसे अभ्यर्थी को, जो कि बोर्ड द्वारा प्रतिरूपण या जाली दस्तावेज जमा करने या ऐसे दस्तावेज जिनमें बदलाव किया गया है या गलत या असत्य बयान देने या जानकारी को दबाने या परीक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी अन्य अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेने या परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों या दुर्व्यवहार या कदाचार का उपयोग करने या उपयोग करने का प्रयास करने का दोषी पाया या घोषित किया गया है, स्वयं को आपराधिक मुकदमे के लिए उत्तरदायी बनाने एवं संबंधित परीक्षा से अयोग्य घोषित किए जाने के अतिरिक्त:

a) वैसे अभ्यर्थी को
   - बोर्ड द्वारा, किसी भी परीक्षा में प्रवेश से या अभ्यर्थियों के चयन के लिए बोर्ड द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थिति से, तथा
   - भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा उनके अधीन रोजगार से स्थायी रूप से या एक निर्धारित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

b) यदि वह पहले से ही सरकार/भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के तहत सेवा में है, तो उपयुक्त नियमों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

महत्वपूर्ण टिप्पणीः

- ऑनलाइन आवेदन जमा करने का लिंक (http://recruitment.icfre.gov.in) पर उपलब्ध है। आयु सीमा, आरक्षण, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम, शैक्षिक योग्यता, दिशानिर्देश सहित विवरण इस वेबसाइट में उपलब्ध हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन ही किया जाएगा।

- ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा **05.09.2022 (09:00 A.M.) से 15.10.2022 (05:30 P.M.)** तक उपलब्ध होगी।

- एसएमएस के माध्यम से अपडेट प्राप्त करने के लिए, **अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल पर डीएनडी मोड को अक्षम** करना चाहिए।

- **अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र बहुत ध्यानपूर्वक भरना चाहिए।** गलत तरीके से जमा किए गए आवेदन के मामले में, यदि कोई अभ्यर्थी उसी विषय के लिए नया आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह अलग ई-मेल आईडी का उपयोग करके पुनः पंजीकरण और शुल्क का भुगतान करके ऐसा कर सकता है।

- अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट (http://recruitment.icfre.gov.in) देखते रहें। परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी इस वेबसाइट पर ही अपलोड/अपडेट की जाएगी।

****